Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to increase the pensioner's amount of the agitating pensioners.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): माननीय अध्यक्ष जी, केंद्र सरकार के लाखों पेंशनधारी, जिन्हें एक हजार रुपये महीना मिलता है, मैं उनकी समस्या को सदन के सामने रखना चाहता हूं ।

आज के परिवेश में एक हजार रुपये महीना उचित नहीं लगता है । मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस राशि को बढ़ाया जाए । किसी रिटायर्ड कर्मचारी को एक हजार रुपये महीना मिल रहा हो तो उनकी आर्थिक दयनीय स्थिति को देखते हुए आयुष्मान भारत का निश्चित रूप से लाभ मिलना चाहिए।

आज मेरे क्षेत्र धनबाद में लोग आंदोलन कर रहे हैं । यह देश भर के पेंशनधारी आंदोलन कर रहे हैं । सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए इस पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए । मेरा यही निवेदन है । धन्यवाद

माननीय अध्यक्ष : **माननीय सदस्यगण, कल भी 106 माननीय सदस्यों ने बोला था । उसके पहले भी 105 माननीय सदस्यों ने बोला था । मैं भी यहां माननीय सदस्य रहा था, आप पुराना रिकॉर्ड निकालकर देख लीजिए और अभी का रिकॉर्ड निकालकर देख लीजिए, सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर मिलता है । इसीलिए, जिन माननीय सदस्य का यदि कोई बहुत अर्जेंट विषय हो, जिसे वे आज ही उठाना चाहते हैं, वे हमें लिखकर दे दें । बाकी, बचे माननीय सदस्यों को मैं शुक्रवार को बोलने का मौका दूंगा ।**

प्रो. सौगत राय (दमदम): सर, मुझे बोलने दीजिए।

माननीय अध्यक्ष : **मैं शुक्रवार को सबको पर्याप्त मौका दूंगा । लेकिन, यदि कोई अर्जेंसी है तो, मुझे अर्जेंसी लिख दिया कीजिए।**

प्रो. सौगत राय: सर, अर्जेंसी है ।

माननीय अध्यक्ष : **आपके विषय को मनीष तिवारी जी ने उठा दिया है । धन्यवाद**